टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, गुरूवार , 04 जून 2026

एक नजर में

15 जून को पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी जतारा से प्राप्त प्रतिवेदनों अनुसार तहसील पलेरा एवं लिधौरा के छेवला तहसील पलेरा, टौरिया ऊगड़ तहसील पलेरा, उपराराखास तहसील लिधौरा, मजरा कुटिन तहसील पलेरा ग्राम के विभिन्न खसरों में राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा विभिन्न दिनाकों को अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त मशीनों को जप्त किया जाकर संबंधित पुलिस चौकियों की अभिरक्षा में रखा गया है एवं प्रकरण न्यायालय कलेक्टर टीकमगढ़ में दर्ज किया जाकर विचाराधीन है।

तदनुसार छवेला तहसील पलेरा में पोवलेन मशीन हुण्डई कंपनी, टौरिया ऊगड़ तहसील पलेरा में पोकलेन मशीन हुण्डई कंपनी, उपराराखास तहसील लिधौरा में एलएनटी पोकलेन मशीन तथ मजरा कुटिन तहसील पलेरा में पोकलेन मशीन को जप्त कर पुलिस चौकियों की अभिरक्षा में रखा गया है। उपरोक्तानुसार मशीनों के संचालकों, मालिकों को सूचित किया गया है कि वह अवैध उत्खनन के प्रकरण के संबंध में 15 जून 2026 को न्यायालय कलेक्टर टीकमगढ़ में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आईपीएल कंपनी के खाद का रैक पॉइंट स्थापित

कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अब समय के साथ ईंधन और पैसे की होगी बचत

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

विगत वर्ष जिले में खाद वितरण की व्यवस्था के दौरान यह पाया गया था कि अच्छा रेलवे रैक पॉइंट होने के वावजूद केवल एक कंपनी एनएफएल की खाद ही टीकमगढ़ में उतरती थी, आईपीएल कंपनी का उर्वरक दमोह और हरपालपुर में अनलोड होकर ट्रकों के माध्यम से टीकमगढ़ के गोदामों और सोसाइटीज में पहुंचता था। समय की इस समस्या के संबंध में शासन को अवगत कराया गया था. कृषकों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में टीकमगढ़ में आईपीएल कंपनी का रैक आना शुरू हो गया है। जिसके चलते रेलवे स्टेशन पर अब आईपीएल कंपनी के खाद का रैक पॉइंट स्थापित किया गया है। बुधवार को यहां 2672 मीट्रिक टन आईपीएल खाद पहुंचा। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोतिय और तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रोतिय ने बताया कि पहले आईपीएल खाद का रैक पॉइंट हरपालपुर और दमोह में था। वहां से टीकमगढ़ तक खाद लाने में अतिरिक्त समय, ईंधन और पैसा खर्च होता था। इस व्यवस्था के कारण किसानों को खाद मिलने में देरी होती थी।इस समस्या से सीएमको अवगत कराया गया था। सीएम के निर्देश पर पहली बार आईपीएल खाद सीधे टीकमगढ़ पहुंचा है। इससे किसानों को अब समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी और उनकी परेशानी कम होगी।कलेक्टर ने यह भी बताया कि पिछले साल खाद वितरण के दौरान यह देखा गया था कि टीकमगढ़ में अच्छा रेलवे रैक पॉइंट होने के बावजूद केवल एनएफएल कंपनी का खाद ही उतरता था। आईपीएल कंपनी का उर्वरक दमोह और हरपालपुर में अनलोड होकर ट्रकों से टीकमगढ़ के गोदामों और सोसायटियों तक पहुंचता था।किसानों के हित को प्राथमिकता देते हुए सीएम के निर्देश पर टीकमगढ़ में आईपीएल कंपनी के रैक की सीधी आवाजाही शुरू हो गई है। पहले रैक में आए 2672 मीट्रिक टन खाद को गोदामों और सोसायटियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि इस बार खरीफ और रबी दोनों सीजन में किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। किसानों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से खाद आपूर्ति में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अब टीकमगढ़ रेलवे रैक पॉइंट पर सीधे आईपीएल कंपनी का उर्वरक उतरना शुरू हो गया है। इससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और परिवहन संबंधी परेशानियां भी कम होंगी। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष खरीफ एवं रबी सीजन के दौरान यह स्थिति सामने आई थी कि टीकमगढ़ में रेलवे रैक पॉइंट की पर्याप्त सुविधा होने के बावजूद केवल एनएफएल कंपनी की खाद ही यहां उतरती थी।

दूसरी ओर आईपीएल कंपनी का उर्वरक पहले दमोह और हरपालपुर में अनलोड किया जाता था, जिसके बाद ट्रकों के माध्यम से टीकमगढ़ के गोदामों और सहकारी समितियों तक पहुंचाया जाता था। इस व्यवस्था के कारण खाद की उपलब्धता में अनिश्चितता बनी रहती थी। अतिरिक्त परिवहन में समय और संसाधनों की खपत होने से किसानों को समय पर उर्वरक मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था।

खाद की उपलब्धता होगी सुगम

इस समस्या को जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई और अब टीकमगढ़ रेलवे रैक पॉइंट पर सीधे आईपीएल कंपनी के उर्वरक की आपूर्ति शुरू हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि सीधे रैक आने से खाद की उपलब्धता अधिक नियमित और सुगम होगी। इससे परिवहन लागत में कमी आएगी, वितरण व्यवस्था मजबूत होगी तथा सहकारी समितियों और गोदामों तक उर्वरक शीघ्र पहुंचाया जा सकेगा।

किसानों ने निर्णय का किया स्वागत

कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि समय पर खाद उपलब्ध होना किसानों के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। नई व्यवस्था से जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा और खेती-किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया है कि आगामी कृषि सीजन में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी किसान को खाद के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। खाद की उपलब्धता में अनिश्चितता बनी रहती थी। अतिरिक्त परिवहन में समय संसाधनों की खपत होने से किसानों को समय पर उर्वरक मिलने लगेगा।

संविदा कर्मचारियों की हड़ताल जारी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2023 में संविदा कर्मचारियों के लिए बनाई गई नीति आज तक एनएचएम के संविदाकर्मियों पर लागू नहीं की गई है।

जिला अध्यक्ष नितिन तिवारी ने बताया कि उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। कंचन तिवारी,जिला अस्पताल अध्यक्ष ने बताया कि आज हम सभी संविदा कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप शासन की नीतियों और कथित कुरीतियों का प्रतीकात्मक दहन कर नाराजगी जताई। संविदाकर्मियों का आरोप है कि उन्हें कम वेतन में लगातार सेवाएं देनी पड़ती हैं, जबकि मेडिकल लीव सहित कई मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2023 में संविदा कर्मचारियों के लिए बनाई गई नीति आज तक एनएचएम के संविदाकर्मियों पर लागू नहीं की गई है। जिसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

यातायात प्रभारी आर्या पाराशर ने सड़कों पर पहुंचकर ब्रेथएनालाइजर से वाहन चालकों की जांच कराई। शहर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए टीकमगढ़ यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया।

अभियान के तहत पुराने बस स्टैंड स्थित शराब दुकान के सामने विशेष चेकिंग पॉइंट बनाया गया, जहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को रोककर ब्रेथएनालाइजर मशीन से जांच की गई। पुलिस का मानना है कि लंबे समय से शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह से शहर में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही थी। यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया और स्पष्ट संदेश दिया कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में यातायात प्रभारी आर्या पाराशर ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि आगे भी लगातार जारी रहेगा। सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यातायात प्रभारी आर्या पाराशर ने सड़कों पर पहुंचकर ब्रेथएनालाइजर से वाहन चालकों की जांच कराई जिससे शहर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

उर्वरा शक्ति बढ़ाने की दी सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार तथा केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.आरके.प्रजापति, डॉ.एस.के. सिंह, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह द्वारा कृषकों को हरी खाद बनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की सलाह दी गई है।

हरी खाद कि यह तकनीक मृदा की उर्वरता बढानें का सस्ता प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल उपाय है। वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग से मृदा की गुणवत्ता में गिरावट आ रही हैं,

खेल गतिविधियों के तहत दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एक मई से दो जून तक मलखम्ब, फुटबॉल, कराते, साफ्टबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, हॉकी, तैराकी, जुम्बा एवं पेंटिंग खेल गतिविधियो में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

शिविर कें अतिंम सप्ताह में समस्त खेल गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें तैराकी खेल की प्रतियोगिता ब्लू स्काई स्विमिंग पूल में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र श्रीवास्तव, एनएस राय एवं काषीराम साहू उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में फ्री-स्टाईल, वटर फ्लाई, बैक स्टोक विधाओं में खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

10 दिन में शिकायतों का निराकरण

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर ने तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 144 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल है।

न्यायालय में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में एक जून को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर जिला न्यायालय के सभाकक्ष में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सामान्यजन को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का मुख्य उददेश्य लोगों को तंबाकू के सेवन जैसे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा से होने वाले जानलेवा स्वास्थ्य खतरों जैसे कैंसर, हदय रोग और फेफड़ों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में उपस्थित सामान्यजन को कभी भी तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने और समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सहयोग से प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट आशीष कुमार केशरवानी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती सुनीता गोयल, न्यायिक मजिस्टेट शुभम जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, का स्टाप, सचिव ग्रामीण स्वालंबन समिति राजकुमार अहिरवार, कार्यकर्ता एवं सामान्यजन उपस्थित रहें। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में एक जून को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर जिला न्यायालय में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम हुआ।

बरीघाट डैम में आई पानी की कमी, आपूर्ति पर असर

पूर्व विधायक पहुंचे डैम का निरीक्षण करने

शहर के लोगों के लिए 15 दिन का बचा पानी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर में गंभीर जल संकट गहरा गया है। शहर के 27 वार्डों को पानी उपलब्ध कराने वाले बरीघाट डैम में अब केवल 15 दिन का पानी शेष बचा है। मानसून आने में अभी 20 से 25 दिन का समय बाकी है, जिसके चलते शहर में अब हर तीसरे दिन नल से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

बरीघाट डैम का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। स्थिति यह है कि बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का इंटेक वाल्व पानी के स्तर से नीचे पहुंच गया है। अब प्लांट को भरने के लिए पनडुब्बी और मोटरों का सहारा लिया जा रहा है।सोमवार को पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ बरीघाट पहुंचकर जलाशय, ट्रीटमेंट प्लांट और पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो शहर को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जामनी नदी भी आधी से अधिक सूख चुकी है।पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र में लगभग 160 हेक्टेयर 400 एकड़ से अधिक जमीन पर मूंग और उड़द की खेती की जा रही है, जिसकी सिंचाई बरीघाट के पानी से हो रही है। उन्होंने टीकमगढ़ कलेक्टर से ललितपुर डीएम से समन्वय स्थापित कर जामनी नदी में पानी छोड़े जाने की पहल करने का सुझाव दिया।नगर पालिका के जल प्रदाय शाखा प्रभारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि बरीघाट डैम में अभी 15 दिन तक का पानी है, जिसे पनडुब्बी से निकाला जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि लाइन में पांच लीकेज हैं, जिनका सुधार किया जाएगा।पानी की समस्या को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने उत्तर प्रदेश के महरौनी विधायक मनोहरलाल पंथ को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने यूपी के ललितपुर जिले में बने डैम से जमडार नदी में पानी छोड़े जाने की मांग की है। यदि मानसून में देरी हुई और यूपी से पानी नहीं छोड़ा गया, तो टीकमगढ़ में पेयजल संकट और गहराने की आशंका है। शहर में गंभीर जल संकट गहरा गया है। शहर के 27 वार्डों को पानी उपलब्ध कराने वाले बरीघाट डैम में अब केवल 15 दिन का पानी शेष बचा है। मानसून आने में अभी 20 से 25 दिन का समय बाकी है, जिसके चलते शहर में अब हर तीसरे दिन नल से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

कृषकों को मिलेगा नि :शुल्क बीज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्य प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मप्र भोपाल द्वारा तिलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मिशन ऑन इडीबल ऑयल योजना अंतर्गत घटक बीज वितरण अनुदान के माध्यम से कृषकों को नि:शुल्क बीज वितरण किया जायेगा।

प्रदर्शन घटक में किसानों के पंजीयन के आधार पर प्रति प्रदर्शन अनुदान में बीज वस्तु के रूप में उत्पादक संस्थओ से किसानों को उपलब्ध कराकर कैफेटेरिया अनुसार प्रदर्शन की शेष सामग्री कृषकों के द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर डीबीटी के माध्यम से कृषकों के खाते में प्रावधानानुसार अनुदान भुगतान किया जायेगा। समस्त वर्ग के कृषक समस्त लघु ,सीमांत एंव अन्य कृषक एमपी किसान पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन करें, अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क करें। फोटो, बैंक पास बुक की छाया प्रति, आधार कार्ड, खसरा, अनुसूचित जाति एवं कृषकों का जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

हादसा शहर के सागर बायपास पर हुआ हादसा

यात्री बस और कार में भिड़ंत, दुर्घटना में एक की मौके पर मौत

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

शहर के सागर बायपास रोड पर मंगलवार देर रात यात्री बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क से करीब 50 फीट दूर जाकर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसा सागर बायपास पर हुई। सागर से टीकमगढ़ आ रही ओरछा कंपनी की यात्री बस और एक लाल रंग की होंडा आई-10 कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक को बाहर निकालना मुश्किल था। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी रविभूषण पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस ने कटर की मदद से कार का गेट काटकर चालक के शव को बाहर निकाला और गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। बचाव अभियान करीब डेढ़ घंटे तक चला। मृतक चालक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर अजय पिता हरदास, निवासी छापछौल, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। कार में अजय के साथ हरिश्चंद्र पिता घनश्याम अहिरवार और अरविंद पिता गुमान अहिरवार, दोनों निवासी छापछौल, उत्तर प्रदेश भी सवार थे। ये दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं और प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों की विशेष निगरानी में हैं।

कार का अगला हिस्सा पूरी तरह दब जाने के कारण शव को बाहर निकालने में काफी कठिनाई हुई। आखिरकार एक जेसीबी मशीन की मदद ली गई, जिसके बाद कड़ी मशक्कत कर कार में फंसे मृतक के शव को बाहर निकाला जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि दूर-दूर तक लोग घरों से बाहर निकल आए।हादसे के बाद बस सड़क किनारे रुक गई, जबकि कार अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ते हुए काफी दूर मैदान में जा गिरी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और यातायात व्यवस्था बहाल कराई।साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और टक्कर की तीव्रता माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

घायलों का उपचार अस्पताल में जारी

मृतक चालक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर अजय पिता हरदास, निवासी छापछौल, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। कार में अजय के साथ हरिश्चंद्र पिता घनश्याम अहिरवार और अरविंद पिता गुमान अहिरवार, दोनों निवासी छापछौल, उत्तर प्रदेश भी सवार थे। ये दोनों गंभीर रूप से घायल है इनका इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।